प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मतदाता सूची में फोटो की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की नई फोटो अपलोड कर ब्लर फोटोज से जुड़े सभी मामलों का 4 फरवरी तक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ और मतदाताओं के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए ईसीआईनेट के तहत "बुक ए कॉल विथ योर बीएलओ" सुविधा से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करने को कहा। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2026 के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग कंटिंजेंट और सर्वश्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कार प्रदान किए। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी श्रेणी में गणेशोत्सव आत्मनिर्भरता का प्रतीक विषय पर महाराष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार मिला, जबकि जम्मू–कश्मीर दूसरे और केरल तीसरे स्थान पर रहे।

*******************

दुमका में 2 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची लोक भवन में झारखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एल. खियांग्ते ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति के मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

*******************

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक हजारीबाग जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान और कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। जिले की उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने बताया कि इसके तहत सभी प्रखंडों के गांवों में स्वास्थ्य कर्मी घर–घर सर्वे कर कुष्ठ रोगियों की पहचान और जागरूकता का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, समय पर इलाज से यह समाप्त हो सकती है और इससे पीड़ित लोगों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

*******************

रांची में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गयझं इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया।

*******************

पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के लठैया के गम्हरिया गांव में एक व्यक्ति ने अपने ससुर सहित अन्य पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें ससुर की मौत हो गई। हमले में आरोपी की पत्नी और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिन्हें इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

*******************

सैफ अंडर–19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन नेपाल में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए झारखंड की छह महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें से चार खिलाड़ी गुमला जिले की हैं। खिलाड़ियों की प्रशिक्षक ने इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

********************

उत्तर भारत और पहाड़ी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण रांची समेत पूरे झारखंड में एक बार फिर कनकनी और ठंड बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर–पश्चिमी ठंडी हवाओं के झारखंड में प्रवेश करने से अगले दो दिनों में तापमान में 3–4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का अनुमान है।

**********समाप्त**********